# NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

सं0 NCRES/75/21 दिनांक0 16/04/2021

श्रीमान प्रधान मुख्य अभियंता
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे,
प्रयागराज

**विषयः**—प्रयागराज मण्डल, विद्युत लोको शेड,कानपुर के परिसर में संचालित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा को नई बिल्डिंग मे स्थानांतरित किया जाना ।

महोदय,

अवगत कराना हैं कि नार्थ सेन्ट्रल रेलवे जोन बनने के पहले से ही विद्युत लोको शेड , कानपुर के परिसर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा के लिये रेलवे ने भवन आंवटित किया था जो वर्तमान में जर्जर स्थिति में हैं और किसी भी समय दुर्घटना घट सकती हैं ।

यह भी अवगत कराना हैं कि NCRES एवं बैंक प्रब्रघन के अनुरोध पर रेल प्रशासन ने बैंक की शाखा के लिये नई बिल्डिंग बना दिया हैं लेकिन अभी तक नई बिल्डिंग में बैंक को स्थानान्तरित नहीं किया गया है जिसके कारण विद्युत लोको शेड के कर्मचारियों को बैंक सम्बन्धी कार्य के लिये पुराना बिल्डिंग में ही जाना पड़ रहा हैं जिससे कर्मचारियों में असंतोष ब्याप्त हैं ।

इस सम्बन्ध में NCRES के मंडल अध्यक्ष श्री मान सिंह ने बैंक को नई बिल्डिंग में स्थानान्तरित करने के लिये मण्डल प्रशासन से कई बार अनुरोध किया लेकिन बैंक नई बिल्डिंग में स्थानान्तरित नहीं किया गया जब कि बैंक प्रबंधन ने फरवरी—2020 तक के बैंक की बिल्डिंग के किराये का भुगतान कर दिया हैं ।

उपरोक्त परिस्थिति में NCRES का अनुरोध है कि विद्युत लोको शेड, कानपुर के परिसर में स्थित पंजाब नेशनल बैंक की शाखा को नव निर्मित बिल्डिंग में स्थानान्तरित करने के लिये उचित आदेश करने का कष्ट करें ताकि कर्मचरियों का आक्रोश खत्म हो सके ।

भवदीय

(आर.पी.सिह)
महामंत्री

प्रतिलिपि — प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज ।